दैनिक भास्कर

सीतापुर में कांग्रेस नेता की कंप्यूटर दुकान पर छापा:प्रिंटर में प्रयोग होने वाले HP के 18 नकली टोनर बरामद, मुकदमा दर्ज

सीतापुर में प्रिंटर मशीन में प्रयोग होने वाले HP कंपनी के डुप्लीकेट टोनर बेचने के मामले में पुलिस और कंपनी के अधिकारियों ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई की है। एचपी कंपनी के सर्च ऑफिसर और उनके सहयोगी के साथ कोतवाली नगर पुलिस ने नगर क्षेत्र में स्थित एक दुकान पर छापा मारकर नकली टोनर बरामद किए हैं। यह कार्रवाई कोतवाली नगर इलाके के मोहल्ला म्युनिस्पल मार्केट में स्थित दुकान पर की गई।

जानकारी के अनुसार, एचपी कंपनी के सर्च ऑफिसर खुशमीत सिंह को सूचना मिली थी कि नगर क्षेत्र में एचपी ब्रांड के नकली टोनर बेचे जा रहे हैं। इसके बाद उन्होंने अपने सहकर्मी संजीव कुमार तोमर के साथ मंगलवार दोपहर पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर पुलिस टीम के साथ दुकान “नेट सर्विसेज कंप्यूटर एंड रिपेयरिंग” पर छापेमारी की गई। यह दुकान कांग्रेस नेता शिशिर बाजपेई की बताई जा रही है।

Source: https://www.bhaskar.com/local/uttar-pradesh/sitapur/news/sitapur-hp-fake-toner-raid-congress-leader-shop-136940973.html